प्रकाशक :
देवेन्द्रराज मेहता
सचिव, प्राकृत भारती अकादमी
जयपुर

सुलतानमल जैन
अध्यक्ष, जैन श्वे. नाकोड़ा पार्श्वनाथ तीर्थ
मेवानगर

•

प्रथम संस्करण : 1987

•

मूल्य : १२.०० बारह रुपये

•

प्राप्ति-स्थल :

1. प्राकृत भारती अकादमी
   3826, यति श्यामलालजी का उपाश्रय
   मोतीसिंह भोमियों का रास्ता
   जयपुर–302 003 (राजस्थान)
2. श्री जैन श्वेताम्बर नाकोड़ा पार्श्वनाथ तीर्थ
   पो. मेवानगर, स्टे. बालोतरा
   344 025, जि बाड़मेर (राज.)

•

फ्रैण्ड्स प्रिन्टर्स एण्ड स्टेशनर्स
जौहरी बाजार, जयपुर–302 003

Daśavaikālika-Cayanikā
Kamal Chand Sogani/Udaipur/1987.

पं. दलसुख भाई मालवणिया

पं. बेचरदास जीवराज दोशी

एवं

डॉ. नेमिचन्द शास्त्री

को

सादर समर्पित

प्रकाशकीय

प्राकृत भारती अकादमी और श्री जैन श्वेताम्बर नाकोड़ा पार्श्वनाथ तीर्थ, मेवानगर के संयुक्त प्रकाशन के रूप में प्राकृत भारती का 37वां पुष्प "दशवैकालिक-चयनिका" पाठकों के करकमलों में प्रस्तुत करते हुए हमें हार्दिक प्रसन्नता है।

"दशवैकालिक" संस्कृत का स्वीकृत रूप है और इसके प्राकृत रूप हैं:—दसवेकालिय, दसवेयालिय और दसवेतालिय। निश्चित समय पर पठन योग्य इस ग्रन्थ में मुख्यतः दस अध्ययन होने के कारण इसका नाम दशवैकालिक ही रूढ हो गया।

अल्पवयस्क क्षुल्लक निर्ग्रन्थ/श्रमण, अल्पतम समय में ही निर्ग्रन्थ के आचार धर्म/का स्वरूप हृदयंगम कर, तदनुरूप आचरण कर, आत्मसिद्धि के सोपान पर चढ़ सके, इसी दृष्टि से मनक-पिता श्रुतधर आचार्य शय्यंभव ने आगम शास्त्रों का दोहन कर सार रूप में इस लघुकायिक ग्रन्थ/शास्त्र का निर्माण किया था। आगमों एवं आचार शास्त्र का नवनीत होने के कारण परवर्ती आचार्यों ने इस दशवैकालिक को महत्वपूर्ण पद पर प्रतिष्ठित कर दिया और यह नैतिक प्रावधान कर दिया कि जो भी नवदीक्षित हो वह जब तक इस शास्त्र का अध्ययन/योगोद्वहन न कर ले तब तक उसे वृहद् दीक्षा प्रदान न की जाए। इस परम्परा का आज भी आंशिक रूप में यथावत् पालन हो रहा है। आंशिक रूप में इसलिये कि अब दस अध्ययनों में से प्रारम्भ के चार अध्ययनों को मूल मात्र (अर्थ

विवेचन सहित नहीं) कण्ठस्थ करवाकर, योगोद्वहन करवाकर बड़ी दीक्षा देते हैं।

इस ग्रन्थ का प्रतिपाद्य विषय और इसके अन्तरंग स्वरूप का परिचय देते हुए श्री दलसुख मालवणिया ने "दसकालिक सुत्तं" को प्रस्तावना पृष्ठ 4-5 पर लिखा है:—

"इस ग्रन्थ में भिक्षुओं के धर्ममूलक आचार का निरूपण है। खासकर निर्ग्रन्थ मुनियों के आचार के नियमों का विस्तार से निरूपण इस सूत्र में है। उसमें संयम ही केन्द्र में है। वह भिक्षु यदि संयत है तो जीव हिंसा से बचकर किस प्रकार अपना संयमी जीवन धैर्यपूर्वक बितावे इसका मार्गदर्शन इसमें है। अतएव भिक्षु के महाव्रत तथा उसके आनुषंगिक नियमों का वर्णन विस्तार से करना अनिवार्य हो जाता है। यही कारण है कि इसमें पाँच महाव्रत और छठा रात्रि-भोजन विरमण व्रत की चर्चा की गई है। संयम का मुख्य साधन शरीर है और शरीर के लिए भोजन अनिवार्य है। वह भिक्षा से ही सम्भव है। अतएव किस प्रकार भिक्षा ली जाय जिससे देने वालों को तनिक भी कष्ट न हो—और भिक्षु को—योग्य भिक्षा भी मिले यह कहा गया है। जीव में समभाव की पुष्टि अनिवार्य मानी गई है जिससे मनोवांछित भिक्षा न भी मिले तब भी क्लेश मन में न हो तथा अच्छी भिक्षा मिलने पर राग का आविर्भाव न हो यह जीवन मंत्र दिया गया है। संयत पुरुष की भाषा कैसी हो—जिससे किसी के मन में उसके प्रति कभी भी दुर्भाव न हो—यह भी विस्तार से प्रतिपादित किया गया है। यह तभी संभव है जब उसमें आचार शुद्धि हो अर्थात् कषाय-राग-द्वेष आदि से मुक्त होने का जागरूक प्रयत्न हो, अहिंसा हो, दयाभाव हो और अपने शरीर के कष्टों के प्रति उपेक्षा हो। लेकिन आचार-शुद्धि का मुख्य कारण सुगुरु की उपासना भी है,

अतएव विनय का विस्तार से वर्णन इसमें किया गया है। अन्त में सब का सार देकर सच्चा भिक्षु कैसा हो यह संक्षेप में वर्णित है।

इस सूत्र में दो चूलिका भी जोड़ी गई हैं। उनका उद्देश्य भिक्षु को अपने संयमी जीवन में दृढ़ रहने का उपदेश देना—यह है। अर्थात् इसमें गृहस्थ जीवन की हीनता और संयमी जीवन की उच्चता का प्रतिपादन अनिवार्य हो गया है।

इस प्रकार संयमी जीवन के अनेक प्रश्नों को लेकर इस ग्रन्थ में निरूपण होने से इसी सूत्र से नये भिक्षु का पठनक्रम शुरू होता है। इसे भिक्षु जीवन की प्रथम पाठ्य पुस्तक कहा जाय तो अनुचित नहीं होगा।"

प्राकृत भारती का प्रारम्भ से ही यह उद्देश्य रहा है कि प्राकृत भाषा में सन्दृब्ध विशाल आगम साहित्य का स्वरूप, सारांश सर्व साधारण समझ सके। इसी दृष्टि से अकादमी डा. कमलचन्द जी सोगाणी, प्रोफेसर दर्शन विभाग, सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर से चयनिकायें तैयार करवाकर प्रकाशित कर रही है। इस शृंखला में अभी तक डा. सोगाणी द्वारा चयनित—"आचारांग-चयनिका, समणसुत्तं चयनिका, वाक्पतिराज की लोकानुभूति"—प्रकाशित कर चुकी है। दशवैकालिक चयनिका प्रस्तुत है और उत्तराध्ययन एवं सूत्रकृतांग की चयनिकायें शीघ्र ही प्रकाशित होंगी।

हमें हार्दिक प्रसन्नता है कि हमारे इस प्रयत्न से प्रबुद्ध पाठकों में आगमों के अध्ययन के प्रति रुचि जागृत हुई। उन्होंने इसको सराहा, सहर्ष स्वीकार किया और चयनिकाओं का अध्ययन किया। इसी के फलस्वरूप अल्प समय में ही आचारांग-चयनिका का द्वितीय संस्करण भी अकादमी को प्रकाशित करना पड़ा।

आचारांग-चयनिका के समान इस चयनिका में भी दशवैकालिक सूत्र के विशाल कलेवर में से मणि-मुक्ताओं के समान वैशिष्ट्य पूर्ण केवल एक सौ गाथाओं का चयन है और साथ ही प्रत्येक सूत्र का व्याकरण की दृष्टि से शाब्दिक अनुवाद भी। व्याकरणिक विश्लेषण में प्राकृत व्याकरण को दृष्टि में रखते हुए प्रत्येक शब्द का मूल रूप, अर्थ और विभक्ति आदि का सरल परिचय भी दिया गया है। हमारा विश्वास है कि आगमों के अध्ययन को सार्वजनीन सुलभ बनाने से पाठक में जैन आगम/दर्शन/धर्म के सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति निष्ठा उत्पन्न हो सकेगी और समाज में एक नयी चेतना का उदय हो सकेगा, जो अभ्युदयकारी सिद्ध होगी।

डा. सोगाणी इस अकादमी के संस्थापन काल से ही अंग रहे हैं और अकादमी के विकास में प्रयत्नशील भी। उनके चयनिका-निर्माण के प्रशस्त प्रयत्न के प्रति अकादमी कृतज्ञ है। साथ ही "पुरोवचन" के लेखक श्री मधुसूदन जी अ. ढाँकी सह निदेशक, अमेरीकन इन्स्टीट्यूट आफ इंडियन स्टडीज, वाराणसी के प्रति भी हार्दिक आभार व्यक्त करता है।

पुस्तक की सुन्दर छपाई के लिये अकादमी फ्रैन्ड्स प्रिन्टर्स एवं स्टेशनर्स, जयपुर के प्रति धन्यवाद ज्ञापन करता है।

सुलतानमल जैन	देवेन्द्रराज मेहता
अध्यक्ष	सचिव
श्री जैन श्वे. नाकोड़ा पार्श्वनाथ तीर्थ	प्राकृत भारती अकादमी
मेवानगर	जयपुर

पुरोवचन

जिन वर्धमान महावीर की उत्तरापथ की परम्परा में उनके गणधर-शिष्य सुधर्मा से चौथे पट्टधर हुए आर्य शय्यंभव वा स्वायम्भुव (प्राय:ईसा-पूर्व 375-300)। आगमिक व्याख्याकारों की ईस्वी छट्ठी शताब्दी से चली आयी परम्परा के अनुसार अत्यन्त प्रतिष्ठित आगम दशवैकालिक सूत्र के वे रचयिता थे। उन्होंने उसकी रचना अपनी गृहस्थ पर्याय के पुत्र एवं तत्पश्चात् स्वशिष्य बाल मुनि, अल्पायुषी "मनक" के उपदेशार्थ की थी। दशाश्रुतस्कन्ध (कल्पसूत्र) की स्थविरावलि का प्राचीनतम हिस्सा, जो आर्य फल्गुमित्र (ईस्वी 100-125) पर्यन्त आकर ही अटक जाता है, उसमें आर्य शय्यंभव के लिये जो 'मनक पिता" का उद्बोधन किया गया है वह संभवत: उपरकथित अनुश्रुति की ओर संकेत ही नहीं, अपितु एक तरह से समर्थन भी करता है।

वर्तमान में उपलब्ध दशवैकालिक सूत्र. यदि शोध दृष्टि से देखा जाय तो, भाषा एवं छन्दादि से और विशेष कर भीतरी वस्तु से नि:शंक रूप से ईसा पूर्व की रचना है। इस रचना में जो "बाल मुनि" के लिये ही हो सकती हैं वे गाथाएं तो हमें पूरे प्रथम अध्ययन में, द्वितीय अध्ययन में कुछ, और शेष आठ अध्ययनों में इधर-उधर बिखरी हुई देखने में आती हैं। (इस विषय पर मैं अन्यत्र चर्चा कर रहा हूँ।) दशवैकालिक सूत्र का अधिकांश भाग तो प्रौढवय के मुनियों के लिये ही है, लेकिन वह हिस्सा है बहुत ही प्राचीन। और,

पाटलिपुत्र वाचना, (प्रायः ईसा पूर्व 300) के समय जो कुछ पुरातन पदों का संग्रह निश्चित हुआ होगा उसमें से कुछ (बौद्ध "थेरगाथा" "सुत्तनिपात' एवं "धम्मपद" की तरह) सूत्रकृतांग, दशवैकालिक, उत्तराध्ययन आदि प्राचीनतम आगमों के अन्तर्गत संकलित है। आर्य फल्गुमित्र के समय (लगभग ईस्वी 100) तक मूल संग्रह में कुछ पद्यों के स्थानांतर, स्खलन, विशृंखलन और कहीं-कहीं वर्ण-विकार या शब्द-विकृति तथा अध्ययनों में परिवर्तन भी हुआ होगा। आर्य स्कन्दिल की अध्यक्षता में हुई माथुरी वाचना (प्रायः ईस्वी 350-353) के मध्य उसके जो प्रारूप और आंतरिक व्यवस्था निश्चित बनी होगी उसी का ही स्वरूप आज हमारे सामने उपस्थित दशवैकालिक सूत्र में है।

आचारांग (प्रथम श्रुत-स्कन्ध), सूत्रकृतांग, दशवैकालिक, उत्तराध्ययन में (और ऋषि-भाषितानि में भी) जो प्राचीन पद्य हम देखते हैं वे निर्ग्रन्थ दर्शन की प्राचीनतम मान्यतायें, उस युग के दृष्टि-कोण, आदर्श, लक्ष्यों, और इन सबको ध्यान में रखते हुए निश्चित किया हुआ साधनामार्ग, आत्मसाधन एवं आचार-प्रणालिका के द्योतक हैं। साथ ही पश्चात् कालीन आगमों की भेद, प्रभेद, उपभेद, मूलभेद-उत्तर भेद की वैदुष्यलीला से प्रायशः सर्वथा मुक्त ही हैं। और, न उनमें नय-न्याय, प्रमाण-प्रमेय, आप्त-अनाप्त, अेकान्त-अने-कान्त की दर्शनिक चतुराइओं का ढक्का-निनाद ही सुनाई पड़ता है। इनमें वर्णित कथन एकदम सीधे, सरल, सरस और साफ हैं। कथन का सारा ही ज़ोर आत्म-गुण के विकास पर ही दिया गया है, और वह भी संयम एवं सच्चरित्र के रास्ते से। जिस युग में यह आगम रचा गया था उस युग में प्रायः सब ही भारतीय मुख्य धर्म-विचार-धाराओं में इसी प्रकार का उपदेश दिया गया है, ऐसा दिखाई दे जाता है। इनमें जो कुछ भी कहा गया है वह भी सचोट, अंतर-

निष्पन्न और नित्य सांसारिक जीवन की अनुभूति में से लिया गया है। सब ही उपमायें एवं उदाहरण वास्तविक हैं, जो लोकभाषा एवं जनानुभव में से अनायास ही आये हैं। उस युग के मुनिजनों के विचार और चर्चा सम्बद्ध प्रचलित कविता-प्रवाह में से लेकर, यहाँ कुछ व्यवस्थित रूप में संकलित कर प्रस्तुत किये गये हैं, ऐसा प्रतीत होता है।

डा. कमलचन्द सोगानी जी ने आचारांग-चयनिका की तरह इस दशवैकालिक सूत्र-सरोवर में से भी उत्तमोत्तम पुंडरीक चुन कर एक प्रकार से सारग्राही और सुरभियुक्त पद्यकुसुमावलि सानुवाद प्रस्तुत की है। अनुवाद केवल शब्दशः न होते हुए पद्यों के अन्तरंग को प्रकट करने वाला है और इस हेतु उन्होंने बहुत परिश्रम भी किया है। चयनकार डा. सोगानी, प्राकृत भारती अकादमी के सचिव श्री देवेन्द्रराजजी मेहता एवं अकादमी के ही निदेशक महो. पंडित विनयसागर जी इस सार्थक प्रकाशन के यशःभागी हैं।

मधुसूदन ढांकी

प्रस्तावना

यह सर्व विदित है कि मनुष्य अपनी प्रारम्भिक अवस्था से ही रंगों को देखता है, ध्वनियों को सुनता है, स्पर्शों का अनुभव करता है, स्वादों को चखता है तथा गंधों को ग्रहण करता है। इस तरह उसकी सभी इन्द्रियाँ सक्रिय होती हैं। वह जानता है कि उसके चारों ओर पहाड़ हैं, तालाब हैं, वृक्ष हैं, मकान हैं, मिट्टी के टीले हैं, पत्थर हैं इत्यादि। आकाश में वह सूर्य, चन्द्रमा और तारों को देखता है। ये सभी वस्तुएँ उसके तथ्यात्मक जगत् का निर्माण करती हैं। इस प्रकार वह विविध वस्तुओं के बीच अपने को पाता है। उन्हीं वस्तुओं से वह भोजन, पानी, हवा आदि प्राप्त कर अपना जीवन चलाता है। उन वस्तुओं का उपयोग अपने लिए करने के कारण वह वस्तु-जगत का एक प्रकार से सम्राट बन जाता है। अपनी विविध इच्छाओं की तृप्ति भी बहुत सीमा तक वह वस्तु-जगत से ही कर लेता है। यह मनुष्य की चेतना का एक आयाम है।

धीरे-धीरे मनुष्य की चेतना एक नया मोड़ लेती है। मनुष्य समझने लगता है कि इस जगत में उसके जैसे दूसरे मनुष्य भी हैं, जो उसकी तरह हँसते हैं, रोते हैं, सुखी-दुःखी होते हैं। वे उसकी तरह विचारों, भावनाओं और क्रियाओं की अभिव्यक्ति करते हैं। चूँकि मनुष्य अपने चारों ओर की वस्तुओं का उपयोग अपने लिए करने

का अभ्यस्त होता है, अतः वह अपनी इस प्रवृत्ति के वशीभूत होकर मनुष्यों का उपयोग भी अपनी आकांक्षाओं और आशाओं की पूर्ति के लिए ही करता है। वह चाहने लगता है कि सभी उसी के लिए जीएँ। उसकी निगाह में दूसरे मनुष्य वस्तुओं से अधिक कुछ नहीं होते हैं। किन्तु, उसकी यह प्रवृत्ति बहुत समय तक चल नहीं पाती है। इसका कारण स्पष्ट है। दूसरे मनुष्य भी इसी प्रकार की प्रवृत्ति में रत होते हैं। इसके फलस्वरूप उनमें शक्ति-वृद्धि की महत्त्वाकांक्षा का उदय होता है। जो मनुष्य शक्ति-वृद्धि में सफल होता है, वह दूसरे मनुष्यों का वस्तुओं की तरह उपयोग करने में समर्थ हो जाता है। पर, मनुष्य की यह स्थिति घोर तनाव की स्थिति होती है। अधिकांश मनुष्य जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में इस तनाव की स्थिति में से गुजर चुके होते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह तनाव लम्बे समय तक मनुष्य के लिए असहनीय होता है। इस असहनीय तनाव के साथ-साथ मनुष्य कभी न कभी दूसरे मनुष्यों का वस्तुओं की तरह उपयोग करने में असफल हो जाता है। ये क्षण उसके पुनर्विचार के क्षण होते हैं। वह गहराई से मनुष्य-प्रकृति के विषय में सोचना प्रारम्भ करता है, जिसके फलस्वरूप उसमें सहसा प्रत्येक मनुष्य के लिए समान-भाव का उदय होता है। वह अब मनुष्य-मनुष्य की समानता और उसकी स्वतन्त्रता का पोषक वनने लगता है। वह अब उनका अपने लिए उपयोग करने के बजाय अपना उपयोग उनके लिए करना चाहता है। वह उनका शोषण करने के स्थान पर उनके विकास के लिए चिंतन प्रारम्भ करता है। वह स्व-उदय के बजाय सर्वोदय का इच्छुक हो जाता है। वह सेवा लेने के स्थान पर सेवा करने को महत्त्व देने लगता है। उसकी यह प्रवृत्ति उसे तनाव-मुक्त कर देती है और वह एक प्रकार से विशिष्ट व्यक्ति बन जाता है। उसमें एक असाधारण अनुभूति का जन्म होता है। इस अनुभूति को ही हम मूल्यों की अनुभूति कहते हैं। वह अब वस्तु-जगत में जीते

हुए भी मूल्य-जगत में जीने लगता है। उसका मूल्य-जगत में जीना धीरे-धीरे गहराई की ओर बढ़ता जाता है। वह अब मानव-मूल्यों की खोज में संलग्न हो जाता है। वह मूल्यों के लिए ही जीता है और समाज में उनकी अनुभूति बढ़े इसके लिए अपना जीवन समर्पित कर देता है। यह मनुष्य की चेतना का एक-दूसरा आयाम है।

दशवैकालिक में चेतना के इस दूसरे आयाम की सबल अभिव्यक्ति हुई है। इसका मुख्य उद्देश्य एक ऐसे समाज की रचना करना है, जिसमें मनुष्यों एवं मनुष्येतर प्राणियों को मारना व उनको मरवाना दोनों ही समाप्त हो जाएँ (२२)। सभी प्राणियों में जीने की इच्छा इतनी बलवती होती है कि कोई भी प्राणी किसी भी स्थिति में मरना नहीं चाहता है (२३)। इसलिए किसी भी प्रकार का वध उचित नहीं कहा जा सकता है। दशवैकालिक ने हिंसा की पराकाष्ठा को ही दृष्टि में रख कर प्राणियों को न मारने व उन्हें न मरवाने की ओर हमारा ध्यान केन्द्रित किया है। व्यक्तिगत स्तर पर हत्याएँ तथा राष्ट्रों के स्तर पर युद्ध मारने व मरवाने के ही व्यापक रूप हैं। सौन्दर्य प्रसाधन, आहार, आर्थिक विकास तथा वैज्ञानिक प्रयोगों के नाम पर मनुष्येतर प्राणियों को मारना व उन्हें मरवाना दशवैकालिक को मान्य नहीं है। वह अविकसित सामाजिक जीवन की विवशता हो सकती है, पर उपादेय नहीं कही जा सकती है। सामाजिक जीवन कुछ इस प्रकार का होता है कि समाज में व्यक्तिगत स्तर पर या समूह के स्तर पर कई बार संघर्ष की स्थितियाँ खड़ी हो जाती हैं। इन संघर्षों को मिटाने के लिए ऐसे रास्ते खोजे जाने चाहिए जहाँ जीवन-लीला समाप्त करने वाली पद्धतियों का ही अन्त हो जाए। मारने व मरवाने के साधन-रूप में आणविक और अणाणविक हथियारों पर होने वाले खर्च को यदि गरीबी, भुखमरी, रोग और अशिक्षा को मिटाने के लिए लगा दिया

जाए तो मानव जाति जीवन में उच्च मूल्यों का साक्षात्कार कर शाश्वत सुख की ओर बढ़ सकती है। अतः दशवैकालिक का शिक्षण है कि कोई भी व्यक्ति किसी भी प्राणी को न मारे और न ही उसे मरवाये (२३)। सब प्राणियों के प्रति करुणा-भाव प्रदर्शित करने की यह शैली महत्त्वपूर्ण सर्जनात्मक आयामों को अपने में समेटे हुए है (२१)। दशवैकालिक के अनुसार यह अहिंसा है (२१)। व्यक्तिगत एवं सामाजिक (राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय) स्तर पर ग्रहण किया गया यह अहिंसा-व्रत व्यक्ति एवं समाज की काया पलट कर सकता है।

सब प्राणियों के प्रति करुणा की अनुभूति का आधार होता है, उनमें स्व-तुल्य आत्मा का भान होना (७, ८)। प्राणियों की आत्म-तुल्यता का ज्ञान अहिंसा की आधारशिला है। इस संवेदनशीलता के विकास के साथ कि 'सब प्राणियों का सुख-दुःख अपने समान होता है' मनुष्य हिंसा के मार्ग को छोड़ देता है और वह स्व-पर हित को समझ लेता है (८)।

'सब प्राणियों के प्रति करुणा-भाव' (२१) की साधना के लिए हिंसा से दूर होना तथा हिंसा से दूर होने के लिए वस्तुओं के प्रति अनासक्ति का अभ्यास आवश्यक है। अतः दशवैकालिक का कथन है कि अहिंसा, संयम और तप धर्म है (१)। प्राणियों के प्रति करुणा-भाव अहिंसा है; हिंसा से दूर रहना संयम है; और वस्तुओं के प्रति अनासक्ति का अभ्यास करना तप है। इस तरह से संयम और तप अहिंसा के साधन हैं। यहाँ यह कहना अनुचित नहीं होगा कि इस सूत्र (१) में साध्य-साधन-रूप पूर्ण जीवन अभिव्यक्त है। इसीलिए जो धर्म अहिंसा, संयम और तप को अपने में गूँथे हुए हैं, वह ही प्राणियों का कल्याण कर सकता है। इसी से मनुष्य स्व-पर

के विकास हेतु समर्थ होता है (४७)। स्व-अधीन भोगों के प्रति अनासक्त होने वाला ही त्यागी-तपस्वी कहलाता है (२)।

दशवैकालिक में ५७५ सूत्र हैं, जो दस अध्ययनों तथा दो चूलिकाओं (परिशिष्टों) में विभक्त हैं। इनमें सामाजिक-नैतिक व्यवहार तथा आध्यात्मिक विकास के सूत्र वर्णित हैं। इसमें साधना-मय जीवन-पद्धति का विशद कथन है। यहाँ आध्यात्मिक गुरु का महत्त्व विवेचित है। अहंकार-रहितता (विनय) को धर्म (शान्ति) का मूल कहा गया है। अहंकारिता अशान्ति की जनक मानी गयी है। पूज्यता और साधुता के जीवन-मूल्य इसमें प्रतिपादित हैं। यहाँ निःस्वार्थ जीवन की दुर्लभता को इंगित किया गया है। सामान्य क्रियाओं को भी जागरूकतापूर्वक करने का निर्देशन सूत्रों से प्राप्त है। चार कषायों—क्रोध, मान, माया और लोभ को अनिष्टकर कहा गया है। ध्यान, स्वाध्याय और अनासक्तता का महत्त्व प्रदर्शित है। जीव-अजीव की प्रकृति को समझने के द्वारा ही साम्यावस्था की प्राप्ति बताई गई है। वचन-शुद्धि पर बल दिया गया है।

दशवैकालिक के इन ५७५ सूत्रों में से ही हमने १०० सूत्रों का चयन 'दशवैकालिक-चयनिका' शीर्षक के अन्तर्गत किया है। इस चयन का उद्देश्य पाठकों के समक्ष दशवैकालिक के उन कुछ सूत्रों को प्रस्तुत करना है, जो मनुष्यों में अहिंसा, संयम, तप, स्वाध्याय, ध्यान, अनासक्तता, जागरूकता, विनय, साधुता आदि की मूल्यात्मक भावना को दृढ़ कर सकें, जिससे उनमें नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों की चेतना सघन बन सके। अब हम इस चयनिका की विषय-वस्तु की चर्चा करेंगे :

जीव-अजीव-विवेक और उसका फल :

मनुष्य केवल शरीर नहीं है। यह शरीर सीमित, नश्वर और

जड़ है। वहुत गहराई से सोचने, विचारने और अनुभव करने पर यह प्रतीत होता है कि मनुष्य में कुछ ऐसा भी है जो असीमित, अनश्वर और चेतन है। इस तरह से मनुष्य सीमित और असीमित का, नश्वर और अनश्वर का तथा जड़ और चेतन का मिला-जुला रूप है। इस मिले-जुले रूप के कारण ही सुख-दुःखात्मक अवस्था होती है। इस सुख-दुःखात्मक अवस्था के कारण ही मनुष्य इस जगत में अपने से भिन्न दूसरे प्राणियों को पहिचानने लगता है (७)। सामान्यतया ऐसा होता है कि मनुष्य अपने सुख-दुःख को तो समझ लेता है, पर संवेदनशीलता के अभाव में दूसरे प्राणियों की सुख-दुःखात्मक अवस्था को नहीं समझ पाता है। अतः दशवैकालिक का शिक्षण है कि जीवन में अहिंसा के विकास के लिए यह आवश्यक है कि हम दूसरे प्राणियों को आत्म-तुल्य समझें। दूसरे प्राणियों के सुख-दुःखात्मक अस्तित्व का भान होना ही 'करुणा' उत्पन्न होने की पूर्व शर्त है (८)। यहाँ यह समझना चाहिए कि करुणा की उत्पत्ति मनुष्य के भावात्मक विकास की भूमिका में होती है। किन्तु, ज्यों ज्यों मनुष्य में अवलोकन-शक्ति और चिन्तनशीलता का विकास होता है, त्यों-त्यों वह मनुष्यों की तथा मनुष्येतर प्राणियों की विभिन्न सुख-दुःखात्मक अवस्थाओं के समाजातीत सूक्ष्म कारण को समझने का प्रयास करता है। यह सच है कि सामाजिक व्यवस्थाओं के बदलने तथा वैज्ञानिक उपलब्धियों से प्राणियों की सुख-दुःखात्मक अवस्थाएँ बदली जा सकती हैं, लेकिन यह हो सकता है कि बाहर सब कुछ ठीक हो, फिर भी मनुष्य अशान्ति, भय, शोक आदि अनुभव करे। इस दुःखात्मक अवस्था का कारण अन्तरंग है। यह निश्चित है कि यह कारण अन्तरतम चेतना नहीं हो सकती है। यह मानना युक्ति-युक्त लगता है कि जिन सूक्ष्मताओं से यह अवस्था उत्पन्न होती है, वह पूर्व में अर्जित 'कर्म' है जो अजीव है, अचेतन है। इस तरह से जीव चेतन है, 'कर्म' अचेतन है, अजीव है। इनका सम्बन्ध

कैसे हुआ ? यहाँ यह विचारना अभीष्ट नहीं है। किन्तु हमारा या किसी भी प्राणी का संसार में पदार्पण चेतना की शक्तियों का सीमितीकरण है, अर्थात् चेतना या जीव का कर्म-युक्त होना है। यहाँ यह कहा जा सकता है कि जब तक हम चेतना या जीव की शक्तियों को तथा सीमितीकरण के कारण अजीव या कर्म को नहीं समझेंगे, तब तक हम चेतन-शक्ति के विकास की ओर उन्मुख नहीं हो सकते (१०)। जीव (चेतन) और अजीव (कर्म) को समझे बिना हमारे यह समझ में आना कठिन है कि संयमित जीवन का क्या उद्देश्य है ? उसका क्या महत्त्व है ? यह सच है कि जो मनुष्य चेतना या जीव की शक्तियों तथा कर्म या अजीव के प्रभाव को समझने की ओर चल पड़ा है, वह कर्मों के प्रभाव को समाप्त करने के लिए चेतन-शक्ति के विकास की ओर चल पड़ता है। अतः संयम की ओर झुक जाता है (११)। जब मनुष्य कर्मों से उत्पन्न विभिन्न अवस्थाओं को समझने लगता है, तो जीवों की विभिन्न स्थितियाँ समझ में आने लगती हैं (१२)। इसका परिणाम यह होता है कि पशुवत् प्रवृत्तियों को तथा भोगात्मक वृत्तियों को वह छोड़ देता है; साथ में आसक्ति को तथा आसक्ति के कारण जो बाह्य संयोग रहते हैं, उनसे भी परे होने लगता है (१५)। अनासक्त भाव की ओर बढ़ते जाने से कर्म निस्तेज होकर समाप्त होने लगते हैं, तो अनन्त ज्ञान, साम्यावस्था आदि गुण प्राप्त हो जाते हैं (१६ से २०)। यही जीव-अजीव (कर्म) के विवेक से उत्पन्न फल है। यही आध्यात्मिक मूल्यों की साधना का परिणाम है। जब कोई व्यक्ति आसक्ति के प्रभाव से भोगात्मक वृत्ति में रम जाता है और आध्यात्मिक मूल्यों को छोड़ देता है, तो यह कहना उचित है कि वह मूर्च्छित व्यक्ति है और अपने उज्ज्वल भविष्य को धूमिल कर रहा है (९४)। दशवैकालिक की यह धारणा बड़ी मनोवैज्ञानिक है कि मनुष्य मंगलप्रद और अनिष्टकर दोनों को ही सुनकर समझता है (९)। संभवतया कहने

का अभिप्राय यह है कि आध्यात्मिक व्यक्तियों का संसर्ग और उनसे जीवन की गहराइयों का श्रवण चित्त पर स्थायी प्रभाव डालता है और वह व्यक्तित्व-परिवर्तन का प्रेरक बन जाता है।

साधना के आयाम :

आसक्ति जीवन को संकुचित करती है; हिंसा जीवन को मलीन बनाती है; कषायें चेतना की शक्ति को प्रस्फुटित नहीं होने देती हैं (३५)। साधना जीवन को सार्वलौकिक बनाती है, निर्मल करती है और चेतना की शक्तियों को प्रकाश में लाती है। जीवन में साधना के इस महत्त्व के कारण ही दशवैकालिक ने कहा है कि व्यक्ति शीघ्र ही सिद्धि-मार्ग को समझे और भोग से निवृत्त होवे, क्योंकि जीवन अनित्य है और आयु सीमित है (३३)। इसलिए जब तक किसी को बुढ़ापा नहीं सताता है, जब तक किसी को रोग नहीं होता है, जब तक किसी की इन्द्रियाँ क्षीण नहीं होती है, तब तक ही उसे साधना में उतर जाना चाहिए (३४)।

उचित साधना से ही सर्वोत्तम की प्राप्ति सम्भव है। इससे ही इहलौकिक और पारलौकिक कल्याण होता है (२८, ४१)। यहाँ यह समझना आवश्यक है कि साधना के मार्ग पर चला हुआ व्यक्ति ही हमें प्रशस्त बोध दे सकता है। अतः दशवैकालिक का कथन है कि व्यक्ति मूल्यों के साधक का आश्रय ले और उससे ही हित-साधन की पूछताछ करे (४१)। इसके साथ साधना का ज्ञान भी साधना-मय जीवन की आवश्यक पूर्व शर्त है। इस ज्ञान के लिए आलस्य को त्यागकर स्वाध्याय में लीन रहना जरूरी है (४०)। स्वाध्याय में लगा हुआ व्यक्ति साधनामय जीवन से चेतन-शक्तियों का विकास कर लेता है और दूसरों को भी इस मार्ग की ओर चलाने में समर्थ हो जाता है (४७)। दशवैकालिक का स्पष्ट विश्वास है कि जो

व्यक्ति नैतिक-आध्यात्मिक ग्रन्थों का अध्ययन करके श्रुत-साधना में संलग्न होता है, वह मूल्यात्मक ज्ञान को प्राप्त करता है तथा एकाग्र-चित्त वाला बन जाता है। वह स्वयं मूल्यों में जमा हुआ रहता है और दूसरों को भी मूल्यों में जमाता है।

साधना के लिए संकल्प की दृढ़ता आवश्यक है। 'देह को त्याग दूँगा, किन्तु नैतिकता के अनुशासन को नहीं' ऐसी दृढ़ता वाला व्यक्ति ही इन्द्रिय-विषयों से विचलित नहीं किया जा सकता है (९७)। साधक के जीवन में मूल्यों का विकास समाज में उसके व्य-वहार को मृदु, आकर्षक एवं अनुकरणीय बना देता है। वह समझता है कि क्रोध प्रेम को नष्ट करता है, अहंकार विनय का नाशक होता है, कपट मित्रों को दूर हटाता है और लोभ सब गुणों का विनाशक होता है (३६)। इसलिए वह क्षमा की साधना से क्रोध को नष्ट करता है, विनय की साधना से अहंकार को जीतता है, सरलता की साधना से कपट को तथा सन्तोष की साधना से लोभ को जीतता है (३७)। दशवैकालिक का शिक्षण है कि साधक दूसरों का अप-मान न करे, अपने को ऊँचा न दिखाए, ज्ञान का लाभ होने पर गर्व न करे, जाति का, अनासक्त होने का तथा बुद्धि का गर्व न करे (२९)। ज्ञानपूर्वक तथा अज्ञानपूर्वक अनुचित कर्म हो जाए तो वह अपने को तुरन्त रोके (९८) और उसको दूसरी बार न करे (३०)। वह सदा पवित्र बने, दोष को न छिपाए, प्रकट मनःस्थिति में रहे, इन्द्रियों को जीते तथा अनासक्त बने (३१)। मूल्यों का साधक ऐसी भाषा न बोले जिससे दूसरे को मानसिक पीड़ा हो और वह शीघ्र क्रोध करने लगे (४२)। वह सदैव नपी-तुली बात कहे (४३)। असत्य वचन से वह दूर रहे (२४)। ध्यान रखे कि दुर्वचन वैरकारक होते हैं (७५)।

साधक अन्तर्यात्रा पर चलता है। स्वाध्याय के बल पर वह अपने में कुछ गुण विकसित करने में सफल हो जाता है। किन्तु आध्यात्मिक ऊँचाइयों को जीने के लिए गुरु की आवश्यकता है। साधारणतया कोई भी बिना आध्यात्मिक गुरु के पार नहीं पहुँच सकता है। जो कोई भी गुरु के बिना आध्यात्मिक रहस्यों में उतरने का प्रयास करता है, वह कई प्रकार के खतरों को जन्म दे देता है। गुरु के होने पर गुरु की आज्ञानुसार चलना ही अन्तर्यात्रा को सुगम बनाता है (७२)। गुरु की अवज्ञा कई समस्याओं को उत्पन्न कर देती है और साधक परम-शान्ति के मार्ग से च्युत हो जाता है (५२, ५४)। अतः आध्यात्मिक सुख का इच्छुक साधक गुरु-प्रसाद के लिए प्रयास करे तथा उनकी सेवा में संलग्न रहे (५५, ६०)। सदैव यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि गुरु का किसी प्रकार का अपमान न हो जाए। गुरु का अपमान अहितकारक ही होता है (५१, ५३)। दशवैकालिक इस बात पर खेद व्यक्त करता है कि कई साधक अहंकार के कारण, कपट और प्रमाद के कारण गुरु के समीप होते हुए भी आध्यात्मिक आचरण में नहीं लगते हैं (४६)। यहाँ यह समझना चाहिए कि व्यक्ति जिनके पास अध्यात्म की बातों को सीखता है, उनके सामने विनम्र रहना और उनका सदैव सम्मान करना उच्च कोटि का आचरण है (५६)।

साधना में विकास विनय से होता है। इसीलिए इसे धर्म का मूल कहा गया है (६२)। विनय अहंकार-रहितता है। अहंकार मानवीय सम्बन्धों को गड़बड़ा देता है। अहंकारी में ग्रहणशीलता का अभाव होता है। विनयवान सबका प्रिय बन जाता है। वह शीघ्र ही अपने में ज्ञान आदि गुणों को विकसित करने में सफल हो जाता है। संसार-मार्ग में तथा अध्यात्म-मार्ग में सभी उसको चाहने लगते हैं। विनीत मनुष्य ही यश और वैभव प्राप्त करने के अधिकारी होते

हैं (६२, ६७)। अविनीत मनुष्य दुःखों के जाल में फंसते जाते हैं (६३, ६५)। विनयवान साधक गुरु को प्रिय लगता है और इससे उसका आध्यात्मिक मार्ग प्रशस्त होता है। सार रूप में दशवैकालिक का कहना है कि अविनीत मनुष्य अनर्थों से घिरा रहता है और विनीत मनुष्य समृद्धि और विकास का स्वामी बन जाता है (७०)।

यह कहना युक्ति-युक्त है कि साधना के द्वारा सुगुण ग्रहण किए जाते हैं और दुर्गुण छोड़े जाते हैं (७९)। व्यक्ति सुगुणों के ग्रहण से साधु होता है और दुर्गुणों के ग्रहण से असाधु होता है (७९)। जो अध्यात्म-दृष्टि वाला है, शुभ ध्यान में लीन रहता है, व्याकुलता रहित और शान्त होता है, जो गुणी का आदर करने वाला है और आत्म-सन्तुष्ट है, जो स्वस्थ-चित्त और स्थित-बुद्धि है, जो विभिन्न मदों से रहित है, जो योग से प्राप्त वैभव की तथा अपने सत्कार की उपेक्षा करता है, और जो आत्मा को आत्मा के द्वारा जानकर राग-द्वेष में समान रहता है, वह साधु होता है, वही पूज्य होता है (७९, ८७ से ९३)। ऐसा व्यक्ति ही जागरूकतापूर्वक चलता है, बैठता है, खड़ा रहता है, बोलता है, सोता है तथा भोजन करता है (६)। चूँकि जागरूकतापूर्वक कर्म ही अनासक्त कर्म होता है, इसलिए ऐसा कर्म बन्धन की परिधि से बाहर रहता है (६)।

चयनिका के उपर्युक्त विषय-विवेचन से स्पष्ट है कि दशवैकालिक में जीवन के मूल्यात्मक पक्ष की सूक्ष्म अभिव्यक्ति हुई है। इसी विशेषता से प्रभावित होकर यह चयन (दशवैकालिक चयनिका) पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है। सूत्रों का हिन्दी अनुवाद मूलानुगामी रहे, ऐसा प्रयास किया गया है। यह दृष्टि रही है कि अनुवाद पढ़ने से ही शब्दों की विभक्तियों एवं उनके अर्थ समझ में आजाएँ। अनुवाद को प्रवाहमय बनाने की भी इच्छा

रही है। कहाँ तक सफलता मिली है, इसको तो पाठक ही बता सकेंगे। अनुवाद के अतिरिक्त गाथाओं का व्याकरणिक विश्लेषण भी प्रस्तुत किया गया है। इस विश्लेषण में जिन संकेतों का प्रयोग किया गया है, उनको संकेत सूची में देख कर समझा जा सकता है। यह आशा की जाती है कि प्राकृत को व्यवस्थित रूप से सीखने में सहायता मिलेगी तथा व्याकरण के विभिन्न नियम सहज में ही सीखे जा सकेंगे। यह सर्व विदित है कि किसी भी भाषा को सीखने के लिए व्याकरण का ज्ञान अत्यावश्यक है। प्रस्तुत सूत्रों एवं उनके व्याकरणिक विश्लेषण से व्याकरण के साथ-साथ शब्दों के प्रयोग भी सीखने में मदद मिलेगी। शब्दों की व्याकरण और उनका अर्थपूर्ण प्रयोग दोनों ही भाषा सीखने के आधार होते हैं। अनुवाद एवं व्याकरणिक विश्लेषण जैसा भी बन पाया है पाठकों के समक्ष है। पाठकों के सुझाव मेरे लिए बहुत ही काम के होंगे।

आभार :

'दशवैकालिक चयनिका' के लिए मुनि श्री पुण्यविजयजी तथा पं० अमृतलाल मोहनलाल भोजक द्वारा सम्पादित दशवैकालिक के संस्करण का उपयोग किया गया है। इसके लिए मुनि श्री पुण्यविजयजी तथा पं. अमृतलाल मोहनलाल भोजक के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। दशवैकालिक का यह संस्करण श्री महावीर विद्यालय, बम्बई से सन् १९७७ में प्रकाशित हुआ है।

डॉ. मधुसूदनजी ढाकी ने इस पुस्तक का पुरोवचन लिखने की स्वीकृति प्रदान की है। अतः मैं उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ।

मेरे विद्यार्थी डॉ. श्यामराव व्यास, सहायक प्रोफेसर, दर्शन-विभाग, सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर का आभारी हूँ, जिन्होंने

इस पुस्तक के अनुवाद एवं इसकी प्रस्तावना को पढ़कर उपयोगी सुझाव दिए। डॉ. उदयचन्द जैन एवं डॉ. हुकमचन्द जैन (जैन विद्या एवं प्राकृत विभाग, सुखाड़िया विश्वविद्यालय) तथा डॉ. सुभाष कोठारी व श्री सुरेश सिसोदिया (आगम, अहिंसा-समता एवं प्राकृत संस्थान, उदयपुर) के सहयोग के लिए आभारी हूँ।

मेरी धर्म-पत्नी श्रीमती कमला देवी सोगाणी ने इस पुस्तक की गाथाओं का मूल-ग्रन्थ से सहर्ष मिलान किया है तथा मेरे भतीजे श्री संगम सोगाणी ने प्रूफ-संशोधन का कार्य रुचिपूर्वक किया है, अत: मैं दोनों का आभार प्रकट करता हूँ।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने के लिए प्राकृत भारती अकादमी, जयपुर के सचिव श्री देवेन्द्रराजजी मेहता तथा संयुक्त सचिव एवं निदेशक महोपाध्याय श्री विनयसागर जी ने जो व्यवस्था की है, उसके लिए उनका हृदय से आभार प्रकट करता हूँ।

कमलचन्द सोगाणी

प्रोफेसर
दर्शन विभाग
मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय
उदयपुर (राजस्थान)
२५.१.८७

दशवैकालिक-चयनिका

दशवैकालिक–चयनिका

1. धम्मो मंगलमुक्किट्ठं अहिंसा संजमो तवो ।
देवा वि तं नमंसंति जस्स धम्मे सया मणो ।।

2. जे य कंते पिए भोए लद्धे विप्पिट्ठि कुव्वई ।
साहीणे चयई भोए से हु चाइ त्ति वुच्चई ।।

3. समाए पेहाए परिव्वयंतो,
सिया मणो निस्सरई बहिद्धा ।
न सा महं नो वि अहं पि तीसे,
इच्चेव ताओ विणएज्ज रागं ।।

4. आयावयाही चय सोगुमल्लं,
कामे कमाही कमियं खु दुक्खं ।
छिंदाहि दोसं विणएज्ज रागं,
एवं सुही होहिसि संपराए ।।

दशवैकालिक-चयनिका

1. अहिंसा, संयम (और) तप धर्म (है)। (इससे ही) सर्वोच्च कल्याण (होता है)। जिसका मन सदा धर्म में (लीन है), उस (मनुष्य) को देव भी नमस्कार करते हैं।

2. जो प्राप्त किए गए मनोहर और प्रिय भोगों को पीठ करता है (दिखाता है) (तथा) स्व-अधीन भोगों को छोड़ता है, वही त्यागी है। इस प्रकार कहा जाता है।

3. (ऐसा होता है कि) राग-द्वेष रहित चिन्तन में भ्रमण करता हुआ मन कभी (सम अवस्था से) वाहर (विषमता में) चला जाता है। (उस समय व्यक्ति यह विचारे कि) वह (विषमता) मेरी नहीं (है), निश्चय ही मैं भी उसका नहीं (हूँ)। इस प्रकार उस (विषमता) से (वह) आसक्ति को हटावे।

4. (तू) (अपने को) तपा; अति-कोमलता को छोड़; इच्छाओं को वश में कर; (इससे) निश्चय ही दुःख पार किए गए (हैं)। (तू) द्वेष को नष्ट कर; राग को हटा; इस प्रकार तू संसार में सुखी होगा।

5. कहं चरे ? कहं चिट्ठे ? कहमासे ? कहं सए ? ।
कहं भुंजंतो भासंतो पावं कम्मं न बंधई ? ।।

6. जयं चरे जयं चिट्ठे जयमासे जयं सए ।
जयं भुंजंतो भासंतो पावं कम्मं न बंधई ।।

7. सव्वभूयऽप्पभूयस्स सम्मं भूयाइं पासओ ।
पिहियासवस्स दंतस्स पावं कम्मं न बंधई ।।

8. पढमं नाणं तओ दया एवं चिट्ठइ सव्वसंजए ।
अन्नाणी किं काही ? किं वा नाहिइ छेय पावगं ? ।।

9. सोच्चा जाणइ कल्लाणं सोच्चा जाणइ पावगं ।
उभयं पि जाणई सोच्चा जं छेयं तं समायरे ।।

10. जो जीवे वि न याणति अजीवे वि न याणति ।
जीवाऽजीवे अयाणंतो कह सो नाहिइ संजमं ? ।।

5. (व्यक्ति) कैसे चले? कैसे खड़ा रहे? कैसे बैठे? कैसे सोए? किस प्रकार खाता हुआ और बोलता हुआ (व्यक्ति) अशुभ कर्म को नहीं बाँधता है?

6. (व्यक्ति) जागरूकतापूर्वक चले, जागरूकतापूर्वक खड़ा रहे, जागरूकतापूर्वक बैठे, जागरूकतापूर्वक सोए (ऐसा करता हुआ तथा) जागरूकतापूर्वक भोजन करता हुआ (और) बोलता हुआ (व्यक्ति) अशुभ कर्म को नहीं बाँधता है।

7. सब प्राणियों का (सुख-दुःख) अपने समान (होने) के कारण (जो व्यक्ति) (उन) प्राणियों में (स्व-तुल्य आत्मा का) अच्छी तरह से दर्शन करने वाला (होता है), (वह) रोके हुए आश्रव के कारण (तथा) आत्म-नियन्त्रित होने के कारण अशुभ कर्म को नहीं बाँधता है।

8. सर्वप्रथम (प्राणियों की आत्म-तुल्यता का) ज्ञान (करो); बाद में (ही) (उनके प्रति) करुणा (होती है)। इस प्रकार प्रत्येक (ही) संयत (मनुष्य) आचरण करता है। (प्राणियों की आत्म-तुल्यता के विषय में) अज्ञानी (व्यक्ति) क्या करेगा? (वह) हित (और) अहित को कैसे जानेगा?

9. (मनुष्य) मंगलप्रद को सुनकर समझता है; (वह) अनिष्टकर को (भी) सुनकर (ही) समझता है; (वह) दोनों (मंगलप्रद और अनिष्टकर) को भी सुनकर (ही) समझता है। (इसलिए) (इन दोनों में से) जो मंगलप्रद (है), (वह) उसका आचरण करे।

10. जो जीवों को भी नहीं समझता है, अजीवों को भी नहीं समझता है, वह जीवों और अजीवों को नहीं समझता हुआ संयम को कैसे समझेगा?

11. जो जीवे वि वियाणति अजीवे वि वियाणति ।
जीवाऽजीवे वियाणंतो सो हु नाहिइ संजमं ।।

12. जया जीवमजीवे य दो वि एए वियाणई ।
तया गइं वहुविहं सव्वजीवाण जाणई ।।

13. जया गइं वहुविहं सव्वजीवाण जाणई ।
तया पुण्णं च पावं च वंधं मोक्खं च जाणई ।।

14. जया पुण्णं च पावं च वंधं मोक्खं च जाणई ।
तया निव्विदए भोए जे दिव्वे जे य माणुसे ।।

15. जया निव्विदए भोए जे दिव्वे जे य माणुसे ।
तया चयइ संजोगं सऽब्भितरबाहिरं ।।

16. जया संवरमुक्कट्ठं धम्मं फासे अणुत्तरं ।
तया धुणइ कम्मरयं अवोहिकलुसं कडं ।।

17. जया धुणइ कम्मरयं अबोहिकलुसं कडं ।
तया सव्वत्तगं नाणं दंसणं चाभिगच्छई ।।

11. जो जीवों को भी समझता है, अजीवों को भी समझता है, (वह) जीवों और अजीवों को समझता हुआ संयम को निश्चय ही समझेगा ।

12. जब (कोई) जीव-समूह और अजीवों—इन दोनों को ही समझता है, तब (वह) सब जीवों की अनेक प्रकार की गति को समझ लेता है ।

13. जब (कोई) सब जीवों की अनेक प्रकार की गति को समझता है, तब (वह) पुण्य और पाप को (तथा) बंध और मोक्ष को समझ लेता है ।

14. जब (कोई) पुण्य और पाप को (तथा) बंध और मोक्ष को समझता है, तब (वह) देव-सम्बन्धी तथा मनुष्य-सम्बन्धी भोगों को अच्छी तरह समझ लेता है ।

15. जब (कोई) देव-सम्बन्धी तथा मनुष्य-सम्बन्धी भोगों को अच्छी तरह समझ लेता है, तब (वह) (आत्म-भाव की ओर जाने के लिए) निज के (राग-द्वेषात्मक) भीतरी संयोग को (और) (सांसारिक) बाह्य (संयोग) को छोड़ देता है ।

16. जब (कोई) उत्कृष्ट आत्म-नियन्त्रण (और) सर्वोत्तम चरित्र का पालन करता है, तब (वह) धारण किए हुए अज्ञानरूपी मैल को (तथा) (धारण की हुई) कर्मरूपी धूल को हटा देता है ।

17. जब (कोई) धारण किए हुए अज्ञानरूपी मैल को (तथा) (धारण की हुई) कर्मरूपी धूल को हटा देता है, तब (वह) सर्वव्यापी ज्ञान और दर्शन को प्राप्त कर लेता है ।

18. जया सव्वत्तगं नाणं दंसणं चाभिगच्छई ।
तया लोगमलोगं च जिणो जाणइ केवली ।।

19. जया लोगमलोगं च जिणो जाणइ केवली ।
तया जोगे निरुंभित्ता सेलेसिं पडिवज्जई ।।

20. जया जोगे निरुंभित्ता सेलेसिं पडिवज्जई ।
तया कम्मं खवित्ताणं सिद्धिं गच्छइ नीरश्रो ।।

21. तत्थिमं पढमं ठाणं महावीरेण देसियं ।
श्रहिंसा निउणा दिट्ठा सव्वभूएसु संजमो ।।

22. जावंति लोए पाणा तसा श्रदुव थावरा ।
ते जाणमजाणं वा न हणे नो वि घायए ।।

23. सव्वजीवा वि इच्छंति जीविउं न मरिज्जिउं ।
तम्हा पाणवहं घोरं निग्गंथा वज्जयंति णं ।।

24. श्रप्पणट्ठा परट्ठा वा कोहा वा जइ वा भया ।
हिंसगं न मुसं बूया नो वि श्रन्नं वयावए ।।

18. जब (कोई) सर्वव्यापी ज्ञान (और) दर्शन को प्राप्त कर लेता है, तब (वह) महामानव सर्वज्ञ (हो जाता है) और (संपूर्ण) लोक-अलोक को जान लेता है।

19. जब (कोई) सर्वज्ञ महामानव लोक (और) अलोक को जान लेता है, तब (वह) योगों (मन-वचन-काय की क्रियाओं) का निरोध करके निश्चल साम्यावस्था प्राप्त कर लेता है।

20. जब (कोई) योगों (मन-वचन-काय की क्रियाओं) का निरोध करके निश्चल साम्यावस्था को प्राप्त कर लेता है, तब (वह) शुद्ध (आत्मा) (शेष) कर्म (समूह) को नष्ट करके सिद्धि को प्राप्त कर लेता है।

21. वहाँ पर (व्रतों आदि में) (अहिंसा का) यह सर्वप्रथम स्थान महावीर के द्वारा उपदिष्ट (है)। (महावीर के द्वारा) अहिंसा सूक्ष्म रूप से जानी गई है। (उसका सार है)—सब प्राणियों के प्रति करुणाभाव।

22. लोक में जितने भी प्राणी (है) : त्रस अथवा स्थावर (कोई भी) जानते हुए या (प्रमाद से) न जानते हुए उनको न मारे, न ही मरवाए।

23. सब ही जीव जीने की इच्छा करते हैं, मरने की नहीं; इसलिए संयत (व्यक्ति) उस पीड़ादायक प्राणवध का परित्याग करते हैं।

24. (मनुष्य) निज के लिए या दूसरे के लिए क्रोध से या भले ही भय से पीड़ा कारक (वचन) (और) असत्य (वचन) (स्वयं) न बोले, न ही दूसरे से बुलवाए।

25. मुसावाओ य लोगम्मि सव्वसाहूहिं गरहिओ ।
अविस्सासो य भूयाणं तम्हा मोसं विवज्जए ।।

26. चित्तमंतमचित्तं वा अप्पं वा जइ वा बहुं ।
दंतसोहणमेत्तं पि ओग्गहं सि अजाइया ।।

27. न सो परिग्गहो वुत्तो नायपुत्तेण ताइणा ।
मुच्छा परिग्गहो वुत्तो इइ वुत्तं महेसिणा ।।

28. परिक्खभासी सुसमाहिइंदिए
चउक्कसायावगए अणिस्सिए ।
स निद्धुणे धुण्णमलं पुरेकडं
आराहए लोगमिणं तहा परं ।।

29. न बाहिरं परिभवे अत्ताणं न समुक्कसे ।
सुयलाभे न मज्जेज्जा जच्चा तवसि बुद्धिए ।।

25. निस्संदेह जगत में झूठ बोलना सब साधुओं (पवित्रात्माओं) द्वारा निन्दित (है)। (झूठ बोलने से) मनुष्यों में (झूठ बोलने वाले के प्रति) बिल्कुल भरोसा नहीं (रहता है)। इसलिए (व्यक्ति) झूठ बोलने को छोड़े।

26. बहुत या भले ही थोड़ी सचित्त या अचित्त (दूसरों की) (वस्तु) को (तथा) दाँत स्वच्छ करने वाली (सींक) के बराबर भी (अन्य की) (वस्तु) को बिना मांगकर (तू) (यदि) लेने में (तत्पर) है, (तो अनुचित है)।

27. (प्राणियों के) उपकारी महावीर के द्वारा वह (संयम और लज्जा की रक्षा के लिए आवश्यक) (वस्तु) परिग्रह नहीं कही गई (है)। मूर्च्छा परिग्रह कही गई (है)। इस प्रकार (यह) महर्षि, (महावीर) द्वारा कहा गया है।

28. (जो) सोच-समझकर बोलने वाला (है), (जिसका) इन्द्रिय-समूह अत्यन्त शान्त (है), (जिसके द्वारा) चारों कषाएँ नष्ट कर दी गई (हैं), (जो) आसक्ति-रहित (है), वह पूर्व में किए हुए पाप रूपी मैल को दूर कर देता है, (और) (इस तरह से) (वह) इस लोक और पर (लोक) की भक्ति करता है अर्थात् अपने इस लोक और परलोक को सुधारता है।

29. (व्यक्ति) बाह्य (दूसरे) का तिरस्कार न करे, अपने को ऊँचा न दिखाए, ज्ञान का लाभ होने पर गर्व न करे, (तथा) जाति का, तपस्वी (होने) का (और) बुद्धि का (गर्व न करे)।

30. से जाणमजाणं वा कट्टु आहम्मियं पयं ।
संवरे खिप्पमप्पाणं बीयं तं न समायरे ।।

31. अणायारं परक्कम्म नेव गूहे, न निण्हवे ।
सुई सया वियडभावे असंसत्ते जिइंदिए ।।

32. अमोहं वयणं कुज्जा आयरियस्स महप्पणो ।
तं परिगिज्झ वायाए कम्मुणा उववायए ।।

33. अधुवं जीवियं नच्चा सिद्धिमग्गं वियाणिया ।
विणियट्टेज्ज भोगेसु, आउं परिमियमप्पणो ।।

34. जरा जाव न पीलेई वाही जाव न वड्ढई ।
जाविंदिया न हायंति ताव धम्मं समायरे ।।

35. कोहं माणं च मायं च लोभं च पाववड्ढणं ।
वमे चत्तारि दोसे उ इच्छंतो हियमप्पणो ।।

36. कोहो पीइं पणासेइ, माणो विणयनासणो ।
माया मित्ताणि नासेइ, लोभो सव्वविणासणो ।।

30. ज्ञानपूर्वक अथवा अज्ञानपूर्वक अनुचित कर्म को करके (व्यक्ति) अपने को तुरन्त रोके (और फिर) वह उसको दूसरी बार न करे।

31. दुराचरण का सेवन करके (मनुष्य) (उसको) कभी न छिपाए (तथा) न (ही) (उसको) मना करे। (वह) सदा पवित्र (बने), प्रकट मन:स्थिति में (रहे), अनासक्त (तथा) जितेन्द्रिए (होवे)।

32. (व्यक्ति या समाज) महान् आत्मा, आचार्य के वचन को सफल करे। उस वचन को स्वीकार करके कार्य द्वारा (उसका) सम्पादन करे।

33. (व्यक्ति) जीवन को अनित्य जानकर निज की आयु को सीमित (जाने)। अतः सिद्धि-मार्ग को समझकर (वह) भोगों से निवृत्त होवे।

34. जब तक (किसी को) बुढ़ापा नहीं सताता है, जब तक (किसी को) रोग नहीं बढ़ता है, जब तक (किसी की) इन्द्रियाँ क्षीण नहीं होती है, तब तक (उसको) धर्म (आध्यात्मिकता) का आचरण कर लेना चाहिए।

35. आत्मा के हित को चाहता हुआ (मनुष्य) पाप को बढ़ाने वाले (इन) चार दोषों को—क्रोध और मान को, माया और लोभ को—निश्चय ही बाहर निकाले।

36. क्रोध प्रेम को नष्ट करता है, अहंकार विनय का नाशक (होता है), कपट मित्रों को दूर हटाता है, (और) लोभ सब (गुणों का) विनाशक (होता है)।

37. उवसमेण हणे कोहं, माणं मद्दवया जिणे ।
मायं चऽज्जवभावेण, लोभं संतोसओ जिणे ।।

38. कोहो य माणो य अणिग्गहीया
माया य लोभो य पवड्ढमाणा ।
चत्तारि एए कसिणा कसाया
सिंचंति मूलाइं पुणब्भवस्स ।।

39. राइणिएसु विणयं पउंजे
धुवसीलयं सययं न हावएज्जा ।
कुम्मो व्व अल्लीण-पलीणगुत्तो
परक्कमेज्जा तव-संजमम्मि ।।

40. निद्दं च न बहुमन्नेज्जा, सप्पहासं विवज्जए ।
मिहोकहाहिं न रमे, सज्झायम्मि रओ सया ।।

41. इहलोग-पारत्तहियं जेणं गच्छइ सोग्गइं ।
बहुसुयं पज्जुवासेज्जा, पुच्छेज्जऽत्थविणिच्छयं ।।

42. अप्पत्तियं जेण सिया, आसु कुप्पेज्ज वा परो ।
सव्वसो तं न भासेज्जा भासं अहियगामिणिं ।।

37. क्षमा से क्रोध को नष्ट करे, विनय से मान को जीते, सरलता से कपट को तथा संतोष से लोभ को जीते ।

38. क्रोध और मान, माया और लोभ—ये चार अनिष्टकर कषाएँ, (जो) जन्म-जात (हैं) (और) (वर्तमान जीवन में) बढ़ती हुई (हैं), पुनर्जन्म के आधारों को सींचती हैं ।

39. (व्यक्ति) संयमियों के प्रति विनय करे, अचल (आत्म)—स्वभाव का सदा (कभी भी) तिरस्कार न करे, तप (और) संयम में प्रवृत्ति करे (तथा) कछुवे की तरह (स्व में) (कभी) थोड़ा लीन (और) (कभी) अति लीन प्रवृत्तिवाला (बने) ।

40. (संयमी मनुष्य) निद्रा का अत्यधिक आदर बिल्कुल न करे, हँसी-ठट्ठे को छोड़े । गुप्त रूप से (भी) (अशुभ) कथाओं में न टिके । स्वाध्याय में सदा लीन (रहे) ।

41. जिसके द्वारा इस लोक में (व्यक्ति का) पारलौकिक कल्याण (होता है) (तथा) (वह) (यहाँ) अच्छी अवस्था प्राप्त करता है, (उसको जानने के लिए) (व्यक्ति) (मूल्यों के) विद्वान् (साधक) का आश्रय ले (तथा) (उससे) (हित) साधन के परिज्ञान की पूछताछ करे ।

